

## अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से....

एक नवरत्न कंपनी

**1 दिसंबर 2024**

प्रिय साथियो,

हमने 7 नवंबर, 2024 को अपने सभी कार्य स्थलों में एनएचपीसी का 50वां स्थापना दिवस बड़े गर्व और उल्लास से मनाया, जिसका समापन 09 नवंबर 2024 को भारत मंडपम् , नई दिल्ली में भव्य कार्यक्रम के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री मनोहर लाल खट्टर, माननीय केंद्रीय विद्युत और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री और विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), भारत सरकार ने उपस्थित होकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर श्री गुरदीप सिंह, सीएमडी (एनटीपीसी) भी उपस्थित रहे। एनएचपीसी और एनटीपीसी ने अपना 50वां स्थापना दिवस संयुक्त रूप से मनाया। माननीय मंत्री, श्री खट्टर जी ने विद्युत क्षेत्र में दिए गए एनएचपीसी के महत्वपूर्ण योगदानों के बारे में उल्लेख किया और हमारे कार्मिकों के समर्पण और प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। श्री अग्रवाल ने एनएचपीसी की उल्लेखनीय उपलब्धियों की भी सराहना की तथा भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास में कंपनी की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। हमारी 50 वर्षों की शानदार विकास यात्रा से यह स्पष्ट है कि एनएचपीसी की सफलता आप सभी के अटूट समर्पण और कड़ी मेहनत से प्रेरित है।

मैंने  दिनांक 18-19 नवंबर 2024 के दौरान, किशनगंगा पावर स्टेशन का दौरा करके इसके विभिन्न घटकों का निरीक्षण किया। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 19 नवंबर 2024 को एनएचपीसी ने जम्मू व कश्मीर की सुदूर गुरेज घाटी में डैम टो पावर हाउस (2.4 मेगावाट) को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। इस संयंत्र द्वारा उत्पादित विद्युत का उपयोग बांध के सहायक घटकों और स्थानीय ग्रिड के लिए किया जाएगा, जिससे इस सुदूर सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा, जो सर्दियों के मौसम में ग्रिड से विलग हो जाते है।

श्री मनोहर लाल खट्टर, माननीय केंद्रीय विद्युत और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री ने 22 नवंबर 2024 को लेह जिले (केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख) में स्थित निम्मो बाजगो पावर स्टेशन का दौरा किया। उनके दौरे के दौरान, मैंने उन्हें पावर स्टेशन की गतिविधियों और स्थानीय समुदाय के लिए एनएचपीसी द्वारा की जा रही विभिन्न सीएसआर पहलों से अवगत कराया ।

सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की यूनिट #4 के स्टेटर को 14 नवंबर 2024 को सफलतापूर्वक नीचे उतारा गया। इस स्टेटर का वजन 395 टन है और बोर व्यास 11.5 मीटर है । यह भारत में किसी भी जलविद्युत परियोजना में इस तरह का सबसे बड़ा स्टेटर है।

श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभानिया, माननीय राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले ने 17 नवंबर 2024 को दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना (2880 मेगावाट) का दौरा किया। उन्होंने परियोजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा इसे समय पर पूरा करने के लिए टीम को कड़ी मेहनत जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया ।

श्री पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत), भारत सरकार ने 06 नवंबर 2024 को, फरीदाबाद स्थित हमारे निगम मुख्यालय में एनएचपीसी की प्रगति समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने निगम मुख्यालय में मास्टर कंट्रोल रूम - जनरेशन मॉनिटरिंग एवं अर्ली वार्निंग सिस्टम का भी दौरा किया।

13 नवंबर 2024 को मैंने श्री यू.एस. शाही, कार्यपालक निदेशक के साथ नई दिल्ली में श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, माननीय ऊर्जा मंत्री, बिहार सरकार से मुलाकात की । इस बैठक के दौरान, हमने बिहार में फ्लोटिंग सौर ऊर्जा परियोजनाओं और अन्य सौर पहलों के विकास पर चर्चा की। माननीय मंत्री ने इन परियोजनाओं पर कार्य करने के लिए एनएचपीसी से विशेषज्ञों की एक टीम भेजने का अनुरोध किया।

25 नवंबर 2024 को मैंने श्री वी.आर. श्रीवास्तव, कार्यपालक निदेशक (आरईएंडजीएच) के साथ जयपुर में श्री आलोक कुमार, एसीएस ऊर्जा, राजस्थान से मुलाकात की और उन्हें राज्य में एनएचपीसी की चल रही और नियोजित नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के बारे में अवगत कराया ।

मुझे दो महत्वपूर्ण पैनल चर्चाओं में भाग लेने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ: पहली चर्चा “ग्रीन हाइड्रोजन: भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा - प्रौद्योगिकी नवाचार और नीति हस्तक्षेप” विषय पर झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूटी) और बीआईटीएसएए द्वारा 14 नवंबर 2024 को रांची में आयोजित की गई, तथा दूसरी चर्चा “सतत विकास और भारत की ऊर्जा ट्रांजिशन” विषय पर बीआईटी, सिंदरी के प्लेटिनम जयंती समारोह में 15 नवंबर 2024 को आयोजित की गई।

माह नवंबर 2024 के अंत तक, एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों से कुल संचयी विद्युत उत्पादन 17091 मि.यू. तक पहुंच गया और इस माह का राजस्व संग्रह 788.69 करोड़ रुपये है।

## नवंबर माह की अन्य मुख्य विशेषताएं:

- 14 से 27 नवंबर तक आयोजित भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) के दौरान विद्युत मंत्रालय के पैवेलियन में एनएचपीसी ने अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित किया। माननीय केंद्रीय विद्युत और आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर तथा माननीय विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री श्रीपद येसो नाइक ने इस पैवेलियन का अवलोकन किया।

- श्री संतोष कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी (एनएचपीसी) ने बीएसयूएल की सौर परियोजनाओं से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए श्री अरविंद कुमार शर्मा, माननीय कैबिनेट मंत्री ऊर्जा और अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश से लखनऊ में मुलाकात की।

- एनएचपीसी लिमिटेड ने अपने निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में ग्लोबल ग्रीन ग्रोथ इंस्टीट्यूट (जीजीजीआई) के साथ 28 नवंबर 2024 को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोग का उद्देश्य एग्रोवोल्टिक्स, ग्रीन हाइड्रोजन और संधारणीय वित्तपोषण कार्यनीतियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए नवोन्मेषी स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना है।

- 19 नवंबर 2024 को निगम मुख्यालय में एनएचपीसी द्वारा “अभ्युदय” - बिजनेस सिमुलेशन गेम्स 2024 का कंपनी फाइनल आयोजित किया गया। कंपनी फाइनल में विजेता घोषित हुई पहली चार टीमें, जीएमसी, बीएसजी नेशनल फाइनल्स में एनएचपीसी का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- एनएचपीसी ने 27 नवंबर 2024 को एमएनआरई की आरईआईए स्कीम के अंतर्गत 1280 मेगावाट फर्म और डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी (एफडीआरई) के लिए यूपीपीसीएल, उत्तर प्रदेश के साथ विद्युत विक्रय समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों पर 30 अक्टूबर से 5 नवंबर 2024 की अवधि तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया, जिसमें निबंध लेखन, वाद-विवाद, कविता पाठ और चित्रकला प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- भारत के संविधान को अंगीकृत किए जाने के उपलक्ष्य में 26 नवंबर 2024 को एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों पर ‘संविधान दिवस’ मनाया गया।
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सूचीबद्ध अस्पतालों के सहयोग से एनएचपीसी, निगम मुख्यालय में निःशुल्क "स्वास्थ्य मेला" / मल्टी-स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर से 301 मरीज लाभान्वित हुए।
- एनएचपीसी के स्पोर्ट्स स्कॉलर तुषार सुवीर ने ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित अखिल भारतीय जूनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता।

मैं क्रिसमस के आनन्दमय अवसर पर आपको और आपके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

आपका,

आर॰ कु॰ चौधरी

**(आर.के. चौधरी)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**